उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025

दिनांक 14.03.2026 एवं 15.03.2026 को आयोजित लिखित परीक्षा के प्रश्नों तथा उत्तर कुंजी के सम्बन्ध में ऑनलाइन आपत्तियॉ प्रस्तुत करने की सूचना का प्रकाशन ।

संख्या–पीआरपीबी–बी(उपनिरीक्षक संवर्ग)03/2025 दिनांक–मार्च,23,2026

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 की दिनांक 14.03.2026 एवं 15.03.2026 को सम्पन्न लिखित परीक्षा के सभी 04 पालियों के प्रश्न पत्रों तथा उत्तर कुंजी बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/ पर निम्नानुसार प्रदर्शित की जायेगीः–

क्र0 सं0	परीक्षा तिथि	पाली	आपत्ति प्रस्तुत करने की प्रारम्भिक तिथि	आपत्ति दाखिल करने की अंतिम तिथि
1	14.03.2026	प्रथम एवं द्वितीय पाली	23.03.2026	26.03.2026 की मध्य रात्रि तक
2	15.03.2026	प्रथम एवं द्वितीय पाली		

2– अभ्यर्थियों को किसी प्रश्न या किसी प्रश्न के उत्तर विकल्प या उत्तर कुंजी के सम्बन्ध में कोई विसंगति ज्ञात होती है तो वे अपनी आपत्ति सुसंगत अभिलेख/सूचना/संदर्भ(Reference) के साथ ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थियों को आपत्ति दर्ज कराने हेतु बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर जाकर अपना इस परीक्षा का रोल नम्बर, जन्म तिथि व प्रश्न पुस्तिका क्रमांक की सहायता से लॉगिन करना होगा, जिसमें प्रत्येक अभ्यर्थी केवल अपने प्रश्न पत्र/उत्तर कुंजी देख सकेगें।

3– **अभ्यर्थीगण उपरोक्त अंकित सारणी में अपनी परीक्षा तिथि के सम्मुख अंकित निर्धारित तिथि तक ही अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।** जिस प्रश्न के सम्बन्ध में एक बार आपत्ति दर्ज की चुकी है, उस पर पुनः आपत्ति नहीं की जा सकेगी।

4– अभ्यर्थियों को सुझाव दिया जाता है कि आपत्ति दर्ज कराने से पूर्व उसका भली–भांति परीक्षण करने के उपरान्त ही आपत्ति दर्ज करें। आपत्ति किये गये प्रत्येक प्रश्न पर अपनी आपत्ति को सबमिट करे। अन्त मे सम्पूर्ण प्रश्न पत्र को सबमिट करें। जब तक सम्पूर्ण प्रश्नपत्र को पूर्णतः सबमिट न कर दिया जाये तब तक आप बचे हुये प्रश्नो पर आपत्ति दर्ज कर सकते है।

5— अभ्यर्थी अपनी आपत्ति केवल बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन ही दर्ज करा सकते हैं। इससे भिन्न किसी अन्य माध्यम से प्रेषित आपत्तियों यथा—रजिस्ट्री, डाक,ई—मेल आदि पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

6— यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

7— भर्ती प्रक्रिया के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना/विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि अद्यतन स्थिति जानने हेतु नियमित तौर पर बोर्ड की उक्त वेबसाइट को इस भर्ती के सम्बन्ध में देखते रहें।

अपर सचिव भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।